


# बी.एस.टी.सी. हल प्रश्न-पत्र, 2014 (स्मृति पर आधारित)

## भाग-अ : तर्कशक्ति परीक्षण

**निर्देश**- नीचे दिये गये विकल्पों में से विषम शब्द/ अक्षर/ संख्या ज्ञात कीजिए-

1. (1) BDH (2) CFL
   (3) EJV (4) DHP (3)
2. (1) 064 (2) 208
   (3) 316 (4) 118 (1)
3. (1) मील (2) सेंटीमीटर
   (3) लीटर (4) गज (3)
4. (1) 36 (2) 61
   (3) 84 (4) 108 (2)
5. (1) मार्च (2) अप्रैल
   (3) अगस्त (4) दिसम्बर (2)
6. ऑक्सीजन : जलाना : : कार्बनडाइऑक्साइड : ?
   (1) पृथक करना (2) झाग पैदा करना
   (3) बुझाना (4) फूट पड़ना (3)
7. 08 : 28 : : 15 : ?
   (1) 63 (2) 65
   (3) 126 (4) 124 (2)
8. वह आरेख पहचानिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच सम्बन्ध का सही निरूपण करता है-
   आलू, सब्जियाँ और खाद्य सामग्री
   (1)  (2) 
   (3)  (4)  (1)
9. निम्नलिखित संख्या शृंखला में कितने '0' ऐसे हैं, जिनके तुरन्त बाद में 9 और तुरन्त पहले 5 की संख्याएँ हैं?
   1 0 9 1 1 5 0 9 2 0 1 2 3 2 8 5 0 9 5
   3 5 0 9 4 8 1 4 7 1 6 7 5 5 0 9 6 1 5
   (1) 7 (2) 3
   (3) 5 (4) 4 (4)
10. एक कूट भाषा में LOVE को 1357 लिखा जाता है और HATE को 2467 लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में 6417 संख्या का अर्थ क्या होगा?
    (1) HEAT (2) LEAD
    (3) TALE (4) LATE (3)
11. दिये हुए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई संख्याओं का समूह प्रश्न में दी हुई संख्याओं के समूह के समान हों?
    दिया गया समूह (10, 12, 15)
    (1) (21, 23, 27) (2) (30, 32, 36)
    (3) (60,62, 66) (4) (68, 70, 73) (4)

**निर्देश- (प्रश्न 12 से 16 तक):** नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो कथन और उसके बाद दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको दिए गए दोनों कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिया गया कौन-सा निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है, भले ही सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों। आपको अपना उत्तर निम्न में से कोई एक देना है!

(1) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(2) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(3) न तो निष्कर्ष I न ही II अनुसरण करता है।
(4) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।

12. **कथन:** सभी बसें कारें हैं।
    कुछ बसें ट्रक हैं।
    **निष्कर्ष :**
    I. कुछ बसें निश्चित रूप से ट्रक नहीं हैं।
    II. कम से कम कुछ ट्रक कारें हैं। (4)
13. **कथन :** कोई पत्ती जड़ नहीं है।
    सभी पौधे जड़ हैं।
    **निष्कर्ष :**
    I. कोई पत्ती पौधा नहीं है।
    II. कुछ पौधे पत्तियाँ हैं। (1)
14. **कथन :** कुछ चैप्टर यूनिट हैं।
    कुछ यूनिट शीर्षक हैं।
    **निष्कर्ष :**
    I. कम से कम कुछ शीर्षक चैप्टर हैं।
    II. कुछ शीर्षक निश्चित रूप से यूनिट नहीं हैं। (2)
15. **कथन:** सभी चम्मच कटोरियाँ हैं।
    सभी बर्तन कटोरियाँ हैं।
    **निष्कर्ष :**
    I. कुछ चम्मच बर्तन हैं।
    II. सभी कटोरियाँ चम्मच हैं। (3)

RP RESULT

16. **कथन :** कुछ गेट दरवाजे हैं।
कोई गेट खिड़की नहीं है।
**निष्कर्ष :**
I. कोई दरवाजा खिड़की नहीं है।
II. कुछ दरवाजे निश्चित रूप से खिड़कियाँ नहीं है।(2)

17. कुछ समीकरण किसी विशेष प्रणाली के आधार पर हल किए गए हैं, इसी आधार पर हल न किए गए समीकरण का उत्तर दें-
$4\times6\times9=649, 7\times3\times2=372, 8\times9\times4=?$
(1) 489 (2) 849
(3) 948 (4) 984 (4)

18. दिए हुए विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए जो नीचे दिए गए शब्द में शामिल अक्षरों से बन सकता हो।
PREPARATION
(1) PAMPER (2) REPEAT
(3) PARTITION (4) PARROT (4)

19. प्रकाश पिनाकिन से ऊँचा कूदता है, लेकिन इतना नहीं जितना केतन कूदता है। रोहन, प्रणव से नीचा कूदता है, लेकिन केतन से नीचा नहीं। सबसे नीचा कौन कूदता है?
(1) पिनाकिन (2) केतन
(3) रोहन (4) प्रणव (1)

20. लड़कियों की एक पंक्ति के दोनों छोर से सारिका का स्थान 19वाँ है। उस पंक्ति में कुल कितनी लड़कियाँ हैं?
(1) 38 (2) 39 (3) 37 (4) 19 (3)

21. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश में दिए गए क्रम के अनुसार लिखें-
(a) succed (b) shuffle
(c) subtle (d) subway
(1) b, c, d, a (2) b, a, c, d
(3) a, c, d, b (4) b, d, c, a (1)

22. एक पेड़ पर पाँच पक्षी बैठे हैं। कबूतर, तोता के दाहिनी ओर है। गौरेया, तोता से ऊपर है। कौवा, कबूतर से अगला है। सारस, कौवा से नीचे है। कौनसा पक्षी बीच में है?
(1) कौवा (2) कबूतर
(3) तोता (4) गौरेया (2)

**निर्देश-** नीचे एक अनुक्रम दिया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिये गये विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिये जो अनुक्रम को पूरा करेगा?

23. 6, ?, 15, 27, 51, 99
(1) 10 (2) 9 (3) 11 (4) 12 (2)

**निर्देश- ( प्रश्न 24-26 ):** दिए गए विकल्पों में से सम्बंधित शब्द/ अक्षरों/ संख्या को चुनिए-

24. 6524 : 6465 : 9638 : ?
(1) 9825 (2) 9736
(3) 9697 (4) 9579 (4

25. रात्रि : प्रात: काल :: ? : रात्रि
(1) दोपहर (2) पूर्वाह्न
(3) अपराह्न (4) सायंकाल (4

26. घोड़ा : खुर : : ?
(1) मनुष्य : पैर (2) कुत्ता : काला
(3) पैसे : रुपया (4) पेन : पेन्सिल (1)

27. दी गई श्रृंखला में गलत संख्या ज्ञात कीजिए-
41, 41, 42, 44, 48, 51, 56
(1) 48 (2) 51 (3) 56 (4) 41 (1)


28. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में प्रश्नवाचक के स्थान पर कौनसी संख्या आयेगी-
1, 6, 13, 22, ?, 46
(1) 32 (2) 33 (3) 40 (4) 43 (2)

29. A और B बच्चे हैं C के। यदि C माता है B की, किन्तु A पुत्री नहीं है C की, तो C और A में क्या संबंध है?
(1) भतीजा और चाची (2) भाई और बहन
(3) माता और पुत्र (4) भतीजी और चाची (3)

30. यदि PROHIBITION को एक कूट भाषा में 68032124205 लिखा जाए तो उस कूट भाषा में INHIBITION को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(1) 2531214205 (2) 2532125205
(3) 2542124205 (4) 2532124205 (4)


31. बस में एक लड़की की ओर इशारा करते हुए एक आदमी ने अपने मित्र से कहा, ''वह मेरे पिता की पत्नी के इकलौते पुत्र की पुत्री है।'' लड़की उस आदमी से किस प्रकार संबंधित है?
(1) मौसी (2) पुत्री
(3) माता (4) बहन (2)

32. वह आरेख पहचानिए जो नीचे दिए गए वर्गों के बीच सम्बन्ध का सही निरूपण करता है-
गौरेया, पक्षी, बिल्ली

(1) (2) (3) (4)

(3)


RP RESULT

33. जिस पासे के चार दृश्य दिये गए हैं, उसके 6 के पीछे वाले फलक पर कौन-सी संख्या है?




(1) 3 (2) 4 (3) 1 (4) 2 (3)

34. दिए गए प्रश्न चित्र में कितने त्रिभुज हैं?



(1) 16 (2) 20 (3) 15 (4) 14 (3)


35. यदि EXAMINATION को AMINATIONEX लिखा जाए तो उसी कूट में EXTRAPOLATION को कैसे लिखा जाएगा?

(1) TRAPOLATIONEX
(2) POLATIONEXTRA
(3) POLARATIONEX
(4) NOITALOPARTXE (1)

36. यदि + का अर्थ भाग, × का अर्थ है जोड़ना, - का अर्थ है गुणा करना, ÷ का अर्थ है घटाना तो निम्नलिखित में से कौनसा समीकरण सही है?


(1) $36-6+3\times5\div3=74$
(2) $36\times6+7\div2-6=20$
(3) $36+6-3\times5\div3=24$
(4) $36\div6+3\times5-3=45$ (1)

37. इस आकृति में खिलाड़ियों, शिक्षकों तथा गायकों को दर्शाया गया है। इसका अध्ययन करके ज्ञात कीजिए कि कितने गायक खिलाड़ी भी हैं?




(1) 21 (2) 9 (3) 17 (4) 4 (1)

38. दिए गए विकल्पो में से लुप्त अंक ज्ञात कीजिए-




(1) 122 (2) 222 (3) 212 (4) 132 (2)

39. यदि 'MEMORY' को कूटभाषा में '848729' लिखा जाए, तो उस कूटभाषा में 'ROME' कैसे लिखा जाएगा?

(1) 4287 (2) 2487
(3) 2874 (4) 2784 (4)

40. नीचे पहली पंक्ति में कुछ अक्षर दिए गए हैं और उनके नीचे दूसरी पंक्ति में अंक दिए गए हैं। अंक और अक्षर एक-दूसरे के कूट हैं। दिए गए संख्या-समूह का सही अक्षर कूट चुनिए-

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| E | M | K | B | Z | W | Q | U | D | J |
| 5 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 | 2 | 0 | 7 | 3 |

4 2 9 7 5 3

(1) Z Q M D M J
(2) Z Q M J D E
(3) Z Q M E D J
(4) Z Q M D E J (4)

41. निम्नलिखित अक्षर-शृंखला में कितने P Q S इस प्रकार उपस्थित हैं कि Q मध्य में है और P और S उसके किसी भी ओर हैं?

M D R P Q G K P Q S L A S Q P T G K P Q G M D Q P Q S Q P T U

(1) 4 (2) 1 (3) 2 (4) 3 (1)

42. रमेश अपनी कार से 4 किमी. पूरब की ओर गया, फिर बायीं ओर मुड़कर 6 किमी. गया। वह फिर अपने बायीं ओर मुड़ा और 4 किमी. गया। रमेश अपने प्रारंभिक स्थान से कितने किमी. दूर है?

(1) 6 किमी. (2) 10 किमी.
(3) 4 किमी. (4) 14 किमी. (1)

43. यदि 4-4= 17, 6-6 = 37 और 2-2 =5 तब 5-5 क्या है?

(1) 27 (2) 26 (3) 19 (4) 20 (2)

44. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा विकल्प नीचे दिए हुए शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?

(a) वर्षा (b) धूप
(c) वाष्प (d) बादल

(1) c, b, d, a (2) b, c, d, a
(3) d, a, b, c (4) b, c, a, d (2)

**निर्देश- (प्रश्न 45-46) दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए-**

45.

| | | |
|---|---|---|
| 10 | 85 | 8 |
| 7 | 54 | 7 |
| 8 | ? | 9 |

(1) 72 (2) 77 (3) 74 (4) 79 (2)

RP RESULT


46.

| | | |
|---|---|---|
| 12 | 13 | 16 |
| 3 | 5 | 6 |
| 8 | 8 | ? |
| 288 | 520 | 384 |

(1) 4 (2) 5
(3) 3 (4) 6 (1)

47. मैं 15 मी. उत्तर की ओर गया, फिर पश्चिम की ओर मुड़कर 10 मी. गया, फिर मैं दक्षिण की ओर मुड़ा और 5 मी. चला और फिर पूरब की ओर मुड़कर 10 मी. चला। मैं आरम्भिक स्थान से किस दिशा की ओर हूँ?
(1) पूरब (2) पश्चिम
(3) उत्तर (4) दक्षिण (3)

48. निम्नलिखित में से कौन-सी आकृति दिन, वर्ष और महीनों के बीच संबंध को भली-भाँति दर्शाती है?



(1) (2) (3) (4) (2)

49. अक्षरों का कौन-सा समूह खाली स्थानों पर क्रमवा रखने से दी गई अक्षर शृंखला पूरा करेगा?
a _ a _ abab _ ba_
(1) bbab (2) abab
(3) baab (4) abba (1)

50. यदि FIREWOOD को कूट भाषा में ERIFDOOW लिखा जाए तो उस कूट भाषा में FRACTION को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(1) ARFITCNO (2) NOITCARF
(3) CARFNOIT (4) CRAFNOIT (3)

## भाग-ब ( भाषा योग्यता -Language Proficiency)

### ENGLISH

**Direction- Find out which part of a sentence has an error and if a sentence is free from error then mark your answer as (4)-**

1. Someone was knocking (1)/ at the door (2)/ when I was having my bath (3)/. No error (4) (3)

व्याख्या- I was 'having' के स्थान पर I was 'taking' होगा।

**Directions: Choose the correct article-**

2. I bought.....horse, an ox and a buffalo.
(1) the (2) an (3) a (4) No article (3)

**Directions: Find out the suitable determiner-**

3. It is difficult to run a school with so........students.
(1) a few (2) many (3) the few (4)much(2)

नोट- So के साथ many (संख्या के लिए) या much (मात्रा के लिए) आता है।

**Directions: Fill the correct formation of the tense-**

4. My friend......for me since 2 O' clock.
(1) has been waiting (2) is waiting
(3) was waiting (4) will be waiting (1)

5. By Diwali, I........working in the office for 10 years.
(1) are (2) shall have been
(3) had (4) had been (2)

**Directions: Choose the word which is not correctly spelt.**

6. (1) Naturally (2) Raputation
(3) Mighty (4) Democracy (2)

Ans: सही Spelling है- Reputation

**Directions: In the following questions, out of the four alternatives choose the one which can be substituted for the given words/ sentences.**

7. A former student of a school, college or university.
(1) Genius (2) Scholar
(3) Learner (4) Alumnus (4)

**Direction: Choose the correct passive form:**

8. They made him captain.
(1) He is made him captain by them.
(2) He is being made captain.
(3) He has been made the captain by them.
(4) He was made captain. (4)

**Direction (9-13): Read the following passage carefully and answer the questions given below:**

Jambaji was much affected by this drought. Many nights he spent in wakefulness because of the suffering he saw around him. The dying

RP RESULT

cattle, the starving children: they haunted him day and night. And finally, at the age of thiry-four, he had a vision. He saw man intoxicated with his own power, destroying the world around him. And he decided to change it all. If life was to flourish again in this desolate land, Jambaji saw that man would have to live in a different way, and according to different tenets and beliefs. Jambaji wanted the earth to be covered once again by an abundance of Khejdi, ber, ker and sangri trees, he wanted herds of blackbuck to frolic again and he wanted men to work for his. Jambaji knew the way to achieve this and he began to broadcast his message in the year 1485.

His message included twenty nine basic tenets. Its two major commandments were a prohibition against the cutting down of any green tree or the killing of any animal. Jambaji's message of humanity and respect for all living things was eagerly accepted. His teachings prompted the inhabitants of hundreds of villages to reclothe the earth with its green cover.

9. What haunted him day and night?
   (1) the dying cattle
   (2) the starving children
   (3) both (1) and (2)
   (4) None of these (3)

10. When did Jambaji have a vision?
   (1) at the age of thirty
   (2) at the age of thirty four
   (3) at the age of forty
   (4) None of these (2)

11. How many basic tenets were included in his message?
   (1) twenty nine (2) twenty
   (3) twenty five (4) twenty six (1)

12. What were his commandments?
   (1) prohibition against the cutting down of any green tree
   (2) prohibition the killing of any animals
   (3) both (1) and (2) (4) None of these(3)

13. Find out the words in the passage that mean 'dwellers':
   (1) inhabitants (2) people
   (3) neighbour (4) None of these (1)

**Directions : Fill in the blanks -**

14. Her house is..........than mine.
   (1) best (2) better
   (3) the better (4) more better (2)

**नोट-** than के पहले Comparative degree - better का प्रयोग होगा।

15. Mohan and Rekha.......two daughters.
   (1) have (2) had (3) both (4) has (1)

**नोट-** मोहन व रेखा के बीच and है। अत: have का प्रयोग होगा।

16. Everybody.......the importance of English.
   (1) knows (2) know
   (3) is knowing (4) none of these (1)

**नोट-** Everybody, each, every आदि के साथ singular verb प्रयोग होती है।

17. Within a moment, Govind burst....tears.
   (1) in (2) out in
   (3) off into (4) into (4)

18. Although he is poor.......he is honest.
   (1) but (2) yet (3) and (4) so (2)

**Directions: Choose the word that expresses the SAME meaning (synonym) to the given word.**

19. HISTRIONIC
   (1) hypersensitive (2) overdramatic
   (3) historically important (4) inactive (2)

**Ans:** Histrionic = नाटकीय = Overdramatic

**Directions: In the following question, choose from the alternatives given, word which is most nearly the opposite in meaning of the given word.**

20. DEBONAIR
   (1) balmy (2) sportive
   (3) steamy (4) awkward (4)

**Ans:** Debonair = आकर्षक, खुशमिजाज
Awkward = भद्दा, कष्टकर बेढंगा

RP RESULT

# हिन्दी

21. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य शुद्ध है-
(1) उसने प्राण की बाजी लगा दी।
(2) दहेज की लेन-देन बहुत बुरी रिवाज है।
(3) एक फूलों की माला ले आइए।
(4) वह महल पीले पत्थरों से बना है। (4)
22. "राजा नल की स्त्री का नाम दमयंती था।", वाक्य का शुद्ध रूप होगा-
(1) दमयंती राजा नल की स्त्री का नाम था।
(2) दमयंती राजा नल की स्त्री थी।
(3) राजा नल की पत्नी का नाम दमयंती था।
(4) राजा नल की पत्नी दमयंती थी। (3)
23. 'निश्चल' शब्द में कौन-सा उपसर्ग लगा है?
(1) नी (2) निर् (3) नि (4) निस् (4)
24. 'अन्वेषण' शब्द में कौनसा उपसर्ग है?
(1)अनु (2)अन (3)अनव् (4)उक्त कोई नहीं(1)
25. 'कालिमा' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय है-
(1) मा (2) इमा (3) लिमा (4) आ (2)
26. आवना प्रत्यय लगाकर बनाया गया शब्द है-
(1) सुहावना (2) बिछौना
(3) खिलौना (4) उपर्युक्त सभी (1)
27. 'कृतज्ञ' शब्द का सही विलोम है-
(1) दयालु (2) उदार
(3) कृतघ्न (4) निर्दय (3)
28. 'नैसर्गिक' का विलोम है-
(1) सामयिक (2) कृत्रिम
(3) चमत्कार (4) उक्त कोई नहीं (2)
29. 'त्यौहार' शब्द का शुद्ध रूप है-
(1) त्योंहार (2) त्यौंहार
(3) त्याँहार (4) त्योहार (4)
30. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(1) प्रतिक्षा (2) परतीक्षा
(3) प्रतीक्षा (4) प्रतीइच्छा (3)
31. किस क्रम में सही मेल नहीं है?
(1) ग्रह-दशा, गृह-घर
(2) चिर-बहुत समय, चीर-वस्त्र का खण्ड
(3) तरणि-सूर्य, तरणी-नाव
(4) मात्र-केवल, मातृ-माता (1)
32. स्वर संधि के भेदों का सही उल्लेख है-
(1) दीर्घ, गुण, यण, वृद्धि, अयादि
(2) गुण, यण, विसर्ग, अयादि
(3) यण, गुण, अयादि, वृद्धि, स्वर
(4) स्वर, व्यंजन, विसर्ग
33. किस क्रमांक में संधि का सही विच्छेद नहीं है?
(1) वाग् + ईश = वगीश
(2) सत् + मार्ग = सन्मार्ग
(3) अनु + छेद = अनुच्छेद
(4) अभि + सेक = अभिषेक (1
34. किस शब्द में तत्पुरुष समास है-
(1) आजन्म (2) घनश्याम
(3) अनिच्छा (4) तिरंगा (3
35. 'नीलकंठ' में कौन-सा समास है?
(1) बहुव्रीहि (2) द्विगु
(3) अव्ययीभाव (4) द्वन्द्व (1)
36. किस क्रमांक में 'अभिराम-अविराम' शब्द युग्म का सही अर्थ-भेद है?
(1) मनोहर-सुंदर (2) मनोहर-विस्तृत
(3) स्वच्छ-उन्नत (4) सुंदर-लगातार (4)
37. 'इतिहास के पूर्व का' के लिए एक शब्द है-
(1) ऐतिहासिक (2) पूर्वकालिक
(3) प्रागैतिहासिक (4) सर्वकालिक (3)
38. कौन-सा शब्द तद्भव है?
(1) नीरज (2) सरोज (3) सूरज (4) उरोज(3)
39. तत्सम शब्द का चयन कीजिए?
(1) पाहन (2) दाँत (3) पाषाण (4) इकट्ठा(3)

**निर्देश-** निम्नलिखित अनेकार्थक शब्दों का एक-एक अर्थ उनके सामने दिया गया है। उनका एक दूसरा अर्थ दिये गये चार विकल्पों में सम्मिलित है, उसे चुनिए।

40. अंक = संख्या-
(1) शरीर (2) गोद (3)सत्य (4) अंग (2)
41. अचल = स्थिर-
(1) सागर (2) पृथ्वी (3) आकाश (4) पर्वत(4)
42. 'चादर के बाहर पैर पसारना' मुहावरे का अर्थ है-
(1) शेखी बघारना (2) अत्यधिक व्यय करना
(3) खूब कमाना (4) आय से अधिक व्यय करना(4)
43. निम्नलिखित मुहावरों में से किस मुहावरे के सामने लिखित अर्थ सही नहीं है?
(1) बालू की भींत उठाना - व्यर्थ प्रयास करना।
(2) बगलें झाँकना - जवाब न दे पाना।
(3) राग बिगड़ना - स्वर बेसुरा होना।
(4) लहू का घूँट पीना - क्रोध को दबाना। (3)

RP RESULT

44. 'आँख का अंधा, गांठ का पूरा' लोकोक्ति का सही अर्थ है-
(1) धनी किन्तु मूर्ख (2) पढ़ा लिखा किन्तु नासमझ
(3) असभ्य मनुष्य (4) मूर्ख किन्तु धनी (4)

45. 'संस्कृति' शब्द से विशेषण बनेगा-
(1) संस्कृत (2) संस्कार
(3) सांस्कृतिक (4) सुसंस्कृत (3)

46. निम्न में से किस वाक्य में सकर्मक क्रिया का प्रयोग हुआ है?
(1) राम भूल जाता है। (2) मैं जाता हूँ।
(3) कोयल उड़ती है।
(4) बाबूलाल पुस्तक पढ़ता है। (4)

47. 'गजवसा' का पर्यायवाची नहीं है-
(1) कुंजरासरा (2) रम्भा
(3) केला (4) मुकुल (4)

48. 'बाणों को रखने का साधन' के लिए एक शब्द है-
(1) तीरकमान (2) तूणीर
(3) तूरीण (4) तपस्कर (2)

49. य, र, ल, व किस वर्ग के व्यंजन है-
(1) तालव्य (2) ऊष्म
(3) अंत:स्थ (4) ओष्ठ्य (3)

50. 'क्ष' वर्ण किस वर्ग के व्यंजन है-
(1) क्+छ् (2) क्+प
(3) क्+च् (4) उक्त सभी (2)

## भाग- स ( शिक्षण अभिरुचि - Teaching Aptitude)

1. यदि आपके विद्यालय में भिन्न-भिन्न जाति वाले शिक्षक हैं, तो आपका उनके प्रति व्यवहार कैसा होगा?
(1) कोई भेदभाव नहीं रखेंगे।
(2) उनके विशेष सम्बन्ध नहीं रखेंगे।
(3) केवल अपने विषय वाले शिक्षकों से सम्पर्क रखेंगे।
(4) अपने कार्य से मतलब रखेंगे। (1)

2. व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से प्रशंसा को तकनीकी भाषा में कहा जाता है-
(1) अनुशासन (2) पुरस्कार
(3) छात्रों में मतभेदता
(4) कुशल प्रबन्ध करने में सहायक (2)

3. शिक्षक और प्राचार्य एक-दूसरे के-
(1) प्रतिद्वन्द्वी होते हैं। (2) मित्र होते हैं।
(3) सहयोगी होते हैं। (4) विरोधी होते हैं। (3)

4. राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के टोली नायक के रूप में आप किस छात्र का चुनाव करना पसंद करेंगे-
(1) मेधावी छात्र का
(2) प्रभावी व्यक्तित्व वाले छात्र का
(3) शारीरिक रूप से शक्तिशाली छात्र का
(4) आर्थिक रूप से सम्पन्न छात्र का (3)

5. शिक्षक का उद्देश्य होना चाहिए-
(1) परीक्षा उत्तीर्ण कराना
(2) छात्रों का सर्वांगीण विकास करना
(3) व्यवहार में कुशलता लाना
(4) छात्रों को भेदभाव सिखाना (2)

6. वर्तमान परिस्थितियों में शिक्षक नेता के लिए सादा जीवन और उच्च विचार का सिद्धांत है-
(1) मूर्खतापूर्ण (2) अनुपयोगी
(3) उचित (4) कल्याणकारी (4)

7. नेता का 'समय' है-
(1) परिवार के लिए (2) मित्रों के लिए
(3) देश के लिए (4) सोने के लिए (3)

8. आप अध्यापन व्यवसाय की प्रगति के लिए सर्वोच्च महत्त्व प्रदान करेंगे-
(1) उच्चकोटि का कक्षीय शिक्षण कार्य
(2) अधिकाधिक ट्यूशन कार्य
(3) उत्तम पुस्तकों का लेखन
(4) शिक्षण कार्य में पलायन (1)

9. निम्नांकित में से शिक्षक के कौनसे निजी गुण शिक्षण को प्रभावित नहीं करते हैं-
(1) संवेदनशीलता (2) सामाजिक कुशलता
(3) दयालुता (4) प्रबंध क्षमता (3)

10. कक्षा में उचित सम्प्रेषण हेतु आवश्यक है कि आपका व्यवहार पूर्णरूप से नाटकीयपूर्ण हो-
(1) सत्य है (2) असत्य है
(3) संभवत: (4) कह नहीं सकते (2)

11. सम्प्रेषण व्यापक रूप में-
(1) पशु-पक्षियों व मनुष्यों के मध्य विद्यमान होता है।
(2) केवल मनुष्यों में विद्यमान होता है।
(3) प्रकृति में सर्वत्र विद्यमान होता है।
(4) प्रकृति व मनुष्यों में समान रूप से विद्यमान होता है। (1)

RP RESULT

12. आपके मित्र का पुत्र आपकी कक्षा में पढ़ता है, उसके प्रति आपका व्यवहार होगा-
(1) अनुशासित
(2) पक्षपातपूर्ण
(3) सामान्य छात्र की भाँति
(4) पुत्र की भाँति (3)

13. आकस्मिक निरीक्षण पद्धति से गुणात्मक सुधार सम्भव है, क्योंकि इससे-
(1) शिक्षक व विद्यार्थियों पर रौब डाला जा सकता है।
(2) विद्यार्थी सदैव भयभीत बने रहते हैं।
(3) विद्यार्थियों के अनुशासन, गृह कार्य, अधिगम स्तर पर दृष्टि बनी रहती है।
(4) विद्यार्थियों के पारस्परिक सामंजस्य एवं अधिगम स्तर को सुविकसित किया जा सकता है। (3)

14. शिक्षक के लिए विद्यार्थी का मूल्यांकन कार्य करना इसलिए आवश्यक हो जाता है, क्योंकि-
(1) इसके लिए विद्यालय उसे वेतन का भुगतान करता है।
(2) यह सरकार के सेवा-निर्देशों में उल्लेखित होता है।
(3) इससे विद्यार्थी की अधिगम क्षमता का ज्ञान होता रहता है।
(4) अधिगम क्षमता एवं उपचारात्मक स्थिति दोनों में सामंजस्य बना रहता है। (4)

15. बालक के विकास में योगदान होता है-
(1) अच्छे विद्यालय का
(2) पाठ्यपुस्तकों का
(3) धनवान माता-पिता का
(4) योग्य एवं समर्पित शिक्षकों का (4)

16. उत्तम नेता के गुणों के विकास के लिए सबसे प्रमुख माध्यम है-
(1) राजनीतिक मंच (2) स्कूल
(3) घर (4) फिल्म हॉल (2)

17. बालक के समाजीकरण का उद्देश्य होता है-
(1) व्यक्तिगत व सामाजिक समायोजन में वृद्धि करना
(2) बालक की अभिवृत्तियों, पसंदों तथा विश्वासों का विकास करना
(3) एक सामाजिक समूह के प्रतिमानों को विकसित करना
(4) समूह मानकों को ग्रहण करने योग्य बनाना (3)

18. बालक का सामाजिक विकास श्रेष्ठ होगा-
(1) यदि बालक के माता-पिता उचित लाड/प्यार करें तथा सामाजिक नियमों का सावधानी से पालन करवायें।
(2) यदि बालक के विद्यालय में अच्छा वातावरण [illegible] उत्तम विद्यार्थियों के साथ मिलने-जुलने का मौका मि[illegible]
(3) यदि माता-पिता बालक के साथ कठोर [illegible] दमनात्मक व्यवहार रखें।
(4) यदि शिक्षक बालकों को कठोर अनुशासन में र[illegible] (1)

19. यदि बालक का समाजीकरण न हो तो वह कैसा होगा?
(1) पशुवत (2) असामाजिक
(3) कुसामाजिक (4) पूर्ण सामाजिक (3)

20. शिक्षक का प्रमुख कार्य है-
(1) पाठ्यक्रम समय पर पूरा करवाना।
(2) छात्रों को प्रभावी शिक्षा देना।
(3) छात्रों का मार्ग दर्शन करना।
(4) छात्रों के साथ पक्षपातपूर्ण व्यवहार करना। (2)

21. सम्प्रेषण व शिक्षा में सुनने की महत्त्वपूर्ण भूमिका है, यह कथन-
(1) गलत है (2) सही है
(3) कह नहीं सकते (4) संभवतः सही नहीं है (2)

22. नेतृत्व एक विशेष प्रक्रिया का नाम है जिसके लिए दो सर्वोत्तम शब्द हो सकते हैं-
(1) प्रभुत्व-अधीनता (2) प्रभुत्व-व्यवस्था
(3) प्रभुत्व-गुलामी (4) प्रभुत्व-अनुगमन (2)

23. आज के नेताओं के जीवन मूल्यों में बदलाव आ गया है-
(1) निःसंदेह (2) असहमत
(3) संभवतः (4) कम सहमत (3)

24. आपकी राय में शिक्षकों को समय पर विद्यालय आना चाहिए-
(1) यह उनका कर्त्तव्य है।
(2) समय पर आने पर छात्र भी समय पर आयेंगे।
(3) यह सभी का अपना-अपना दृष्टिकोण है।
(4) समय पर आना जरूरी नहीं है। (2)

25. 'प्रयोगात्मक मूल्यांकन विधि' विज्ञान एवं कम्प्यूटर के विद्यार्थियों के लिए अधिक आवश्यक मानी गई है, क्योंकि-
(1) इसमें केवल सैद्धांतिक ज्ञान द्वारा पूर्ण अधिगम संभव नहीं है।
(2) इसमें सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक ज्ञान से क्रियाशील करके ही पूर्ण अधिगम संभव बनाया जा सकता है।
(3) ऐसा यूरोपीय देशों में भी हो रहा है।
(4) यह कोठारी आयोग के शिक्षा निर्देशों में उल्लेखित है। (2)

RP RESULT

26. निर्धारण मापनी द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों का अधिगम औसत निकाला जाता है, क्योंकि-
(1) इससे उनका अधिगम स्तर मापा जा सकता है।
(2) यह आधुनिकतम शिक्षा प्रणाली में उल्लेखित है।
(3) इससे अधिगम स्तर का तुलनात्मक अध्ययन समेकित किया जाता है।
(4) क्योंकि ऐसा करने पर शिक्षक को वेतन प्राप्त होता है। (3)

27. लिखित परीक्षा के अंतर्गत मूल्यांकन पद्धति की सर्वाधिक प्रमुख विशेषता यह होती है कि-
(1) सभी प्रश्न आकस्मिक ढंग से निर्मित्त होते हैं।
(2) यह पाठ्यक्रम से परे भी हो सकता है।
(3) इसमें सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पूर्व सूचित करके निर्धारित समय पर प्रश्न-पत्र के रूप में प्राप्त होता है।
(4) यह वार्षिक अधिगम स्तर के वार्षिक मूल्यांकन का लेखा-जोखा होता है। (3)

28. सामाजिक परिपक्वता का अर्थ है-
(1) बालक का फल की भाँति पकना
(2) बालक में सद्बुद्धि एवं विवेक का विकास होना
(3) बालक में सामाजिक कुशलताओं का विकास होना
(4) बालक का प्रौढ़ के समक्ष संतुलित सामाजिक व्यवहार का प्रदर्शन करना (3)

29. बालक-बालिकाओं के समााजिक विकास का आधारभूत अभिकरण कहा जाता है-
(1) विद्यालय (2) माता-पिता एवं परिवार
(3) समुदाय (4) जनसंचार माध्यम (3)

30. सामाजिक बुराई को दूर करने के लिए आप-
(1) जनचेतना जागृत करेंगे (2) संकल्प लेंगे
(3) कुछ नहीं कहेंगे
(4) पोस्टर द्वारा जागृति लाएंगे (1)

31. ज्ञानार्जन के लिए शिक्षक को होना चाहिए-
(1) प्रयासशील (2) सजग
(3) पुस्तक संग्रहकर्ता (4) निश्चेष्ट (2)

32. वाणी एवं भाषा का विकास न होने का कारण है-
(1) भाषाज्ञान के पश्चात् बहरापन
(2) भाषाज्ञान के पूर्व बहरापन
(3) जन्म से बहरापन
(4) जन्म के कुछ समय पश्चात् बहरापन (3)

33. ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड का क्या अर्थ है-
(1) प्राथमिक स्कूलों की सुविधाओं में सुधार
(2) कम से कम दो अध्यापकों की व्यवस्था
(3) प्रत्येक स्कूल में ब्लैक बोर्ड की व्यवस्था
(4) अध्यापकों के द्वारा ब्लैक बोर्ड का उपयोग (1)

34. निम्नलिखित में से कौनसी दृश्य-श्रव्य सामग्री है-
(1) रेडियो (2) ब्लैक बोर्ड
(3) टेलीविजन (4) ओ.एच.पी. (3)

35. भूल सुधार पद्धति को किस प्रकार बढ़ावा दिया जा सकता है-
(1) खेल विधि से (2) स्वतंत्र रूप से अध्ययन द्वारा
(3) श्रव्य दृश्य सामग्री द्वारा
(4) नाटकीय तरीके से (4)

36. प्राप्त संकेतों को व्यक्तिगत अर्थ से जोड़ने की प्रक्रिया कहलाती है-
(1) निकूटन (2) सम्प्रेषण
(3) सुसाध्यक (4) विकूटन (3)

37. आपको यदि व्यवसाय के चयन के लिए स्वतंत्रता दी जाये तो आप सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे-
(1) चिकित्सा को (2) बैंक अधिकारी को
(3) शिक्षण को (4) कानून को (3)

38. आज की सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली सैद्धांतिक तथा उद्देश्यहीन हो गई है। इस कथन से आप-
(1) सहमत हैं (2) असहमत हैं
(3) आंशिक रूप से सहमत हैं
(4) संभवतः (2)

39. उत्तम व्यवसायी योजना का निर्माण बिन्दु है-
(1) अपने जिले में उपलब्ध व्यवसाय
(2) उक्त व्यवसाय में अवसरों की प्राप्ति की संभावनाएँ
(3) व्यवसाय संबंधी गुण-दोषों का उपयुक्त ज्ञान होना
(4) अपने निर्णयों में विश्वास (3)

40. शीर्ष गोपनीय सम्प्रेषण हेतु स्रोत एवं ग्राहक सम्प्रेषण के मध्य की दूरी होनी चाहिए-
(1) 12-20 इंच (2) 1-2 इंच
(3) 8-12 इंच (4) 3-6 इंच (4)

41. गृह कार्य छात्रों को स्वाध्याय प्रेमी तो बनाता है परंतु इसके साथ-साथ छात्रों में-
(1) तर्कशक्ति एवं विचार शक्ति उत्पन्न करता है।
(2) घूमने की प्रवृत्ति को कम कर देता है।
(3) मनोरंजन की भावना को कम कर देता है।
(4) थकान उत्पन्न करता है। (1)

42. जब कोई विद्यार्थी अप्रासंगिक प्रश्न पूछता है, तो आप क्या करेंगे-
(1) उसका उपहास करेंगे।
(2) उसको गलती का आभास करायेंगे।
(3) उसकी अवहेलना करेंगे।
(4) उसको अन्य अवसर नहीं देंगे। (2)



RP RESULT

43. कक्षा में पढ़ाते समय एक छात्र ने आपसे एक प्रश्न पूछा, जिसका उत्तर आपको मालूम नहीं है। ऐसी दशा में आप-
(1) उसे डांटकर बिठा देंगे।
(2) प्रश्न को गलत कह कर चुप कर देंगे।
(3) उसके प्रश्न का यथासम्भव उत्तर देंगे।
(4) दूसरे दिन उत्तर बताने का वायदा करेंगे। (4)

44. भारत एक धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है। आप एक शिक्षक के रूप में-
(1) छात्रों को सभी धर्म के उत्सव पर शुभकामनाएँ देंगे।
(2) केवल अपने धर्म के उत्सव पर शुभकामनाएँ देंगे।
(3) किसी भी धर्म के उत्सव पर शुभकामना नहीं देंगे।
(4) आपके विचार में छात्रों के धार्मिक उत्सवों से आपका कोई लेना-देना नहीं है। (1)

45. शिक्षा मनोविज्ञान के अध्ययन से शिक्षक को क्या लाभ हो सकता है?
(1) बाल विकास का ज्ञान हो जाता है।
(2) व्यक्तिगत रूप से स्वस्थ व सुंदर रहता है।
(3) आध्यात्मिक ज्ञान हो जाता है।
(4) बालकों की मनोवृत्ति समझने में सहायक है।(4)

46. 'विद्यार्थी तथा आम श्रोता में कोई अंतर नहीं है।' उक्त उक्ति से आप-
(1) असहमत हैं (2) सहमत हैं
(3) कम सहमत हैं (4) अनिश्चित है

47. आप सृजनात्मकता के विकास हेतु कौनसी शिक्षण
अपनायेंगे?
(1) समस्या समाधान विधि
(2) कहानी विधि
(3) व्याख्यान विधि
(4) व्यक्ति इतिहास विधि

48. स्वयं की रुचि निर्भर होनी चाहिए-
(1) माता-पिता पर (2) समाज पर
(3) मित्रों पर (4) स्वयं पर

49. विद्यार्थियों में नैतिकता के विकास के लिए आवश्यक
(1) पारिवारिक माहौल
(2) धार्मिक व्याख्यान
(3) ईश्वर में आस्था
(4) अच्छे-बुरे का अंतर महसूस करना (4

50. उत्तरदायित्व की भावना का प्रारंभिक पाठ बालक ग्रहण करता है-
(1) घर से (2) विद्यालय से
(3) समाज से (4) स्वयं (1)

## भाग- द ( सामान्य ज्ञान - General Knowledge)

1. नृत्य की किस शैली से दयाराम संबंधित था-
(1) भवाई (2) गरबा
(3) गैर (4) घूमर (1)

2. परवतसर पशु मेला किसकी स्मृति में आयोजित किया जाता है-
(1) हड़बूजी (2) रामदेवजी
(3) तेजाजी (4) गोगाजी (3)

3. राजस्थान का पर्यटन विभाग 'ऊँट महोत्सव' कहाँ आयोजित करता है-
(1) जोधपुर (2) बाड़मेर
(3) जैसलमेर (4) बीकानेर (4)

4. राजस्थान में मत्स्य संघ का विलय किया गया-
(1) 25 मार्च, 1948 (2) 18 अप्रैल, 1948
(3) 18 मार्च, 1948 (4) 30 मार्च, 1949 (3)

5. मरु राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित हैं-
(1) जैसलमेर (2) भरतपुर
(3) धौलपुर (4) चूरू (1)

6. सीता माता वन्य जीव अभयारण्य किस जिले में स्थित है-
(1) कोटा (2) सिरोही
(3) बूँदी (4) चित्तौड़गढ़ (4)

7. गणगौर के अवर पर गरासियों द्वारा किया जाने वाला सामूहिक नृत्य कौनसा है?
(1) घूमर (2) तेरहताली
(3) वालर (4) गरबा (3)

8. स्वतंत्रता सेनानी सावित्री देवी भाटी किस रियासत से संबंधित थी-
(1) जयपुर (2) कोटा (3) भरतपुर (4) जोधपुर(4)

9. किस दिन गाय की बछड़े सहित पूजा की जाती है-
(1) बच्छ बारस (2) राधाष्टमी
(3) जलझूलनी एकादशी (4) अनन्त चतुर्दशी(1)

10. कौन भगत पंथ का संस्थापक था-
(1) पन्नालाल शर्मा (2) मोतीलाल तेजावत
(3) माणक्यलाल वर्मा (4) गुरु गोविन्द गिरि(4)

11. कौनसा श[illegible]' निर्माण के लिए प्रसिद्ध है-
(1) सिकन्दरा (2) सिरोही
(3) ब्यावर (4) अलवर (2)

12. राजपूताना के किस राज्य ने सर्वप्रथम अकबर की अधीनता स्वीकार की-
(1) बीकानेर (2) रणथम्भौर
(3) आमेर (4) मारवाड़ (3)

13. किस स्थान को वागड़ का 'जलियावाला बाग' कहा जाता है-
(1) मानगढ़ (2) डाबी
(3) दूधवाखारा (4) घड़साना (1)

14. किसने जैसलमेर में पाँच 'पटवा हवेलियों' का निर्माण करवाया-
(1) गुमानमल (2) जोधमल
(3) भारमल (4) जयमल (1)

15. राजस्थान के किस राज्य के शासक को महारावल कहा जाता था-
(1) मारवाड़ (2) मेवाड़
(3) आमेर (4) डूँगरपुर (4)

16. 1857 के विप्लव के समय कौन कोटा राज्य का पॉलिटिकल एजेन्ट था-
(1) जनरल राबर्ट्स (2) मेजर बर्टन
(3) सेल्डर (4) जेम्स विलियम (2)

17. राजस्थान किस खनिज उत्पादन में प्रथम है-
(1) लोहा (2) चाँदी (3) ताँबा (4) कोयला(2)

18. निम्नलिखित में से कौनसा पशु मेला नहीं है-
(1) नागौर (2) पुष्कर
(3) रामदेवरा (4) तिलवाड़ा (3)

19. किसे 1974 में 'ब्लू पॉटरीज' के लिए पद्म श्री पुरस्कार दिया गया-
(1) अर्जुन प्रजापति (2) कृपाल सिंह शेखावत
(3) कुदरत सिंह (4) भूरसिंह शेखावत (2)

20. 'बम' नृत्य किस स्थान से संबंधित है-
(1) भरतपुर (2) जयपुर
(3) सीकर (4) हाड़ौती (1)

21. 'मारवाड़ रा परगना री विगत' के लेखक थे-
(1) उद्योतन सूरी (2) सूर्यमल्ल मिश्रण
(3) नैणसी (4) जायसी (3)

22. 'कन्दोरा' नामक आभूषण औरतों द्वारा पहना जाता है-
(1) नाक में (2) कान में
(3) कमर में (4) पाँव में (3)

23. राजपूत चित्रकला की किस शैली से निहालचन्द संबंधित था-
(1) किशनगढ़ (2) हाड़ौती
(3) ढूँढ़ाड़ (4) मारवाड़ (1)

24. सूफी सन्त हमीदुद्दीन किस स्थान से संबंधित है-
(1) नागौर (2) कोलायत
(3) सुजानगढ़ (4) टोंक (1)

25. अजरख-छापा कपड़े के दोनों ओर छापना किस स्थान की विशेषता है-
(1) सीकर (2) बाड़मेर (3) जयपुर (4) टोंक(2)

26. सुमेलित युग्म है-
(1) जयपुर-ढूँढ़ाड़ (2) जोधपुर-मरू
(3) उदयपुर-मेदपाट (4) उपर्युक्त सभी (4)

27. राजस्थान के किस राज्य में 1942 में आजाद मोर्चे का गठन किया गया?
(1) बीकानेर (2) कोटा
(3) जयपुर (4) बाँसवाड़ा (3)

28. किस बाग में 'हॉल ऑफ हीरोज' (देवताओं की शाल) स्थित है-
(1) मण्डोर (2) ओसियाँ
(3) शेरगढ़ (4) बालोतरा (1).

29. जयपुर में जन्तर-मन्तर का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया-
(1) सवाई जयसिंह (2) प्रतापसिंह
(3) ईश्वरीसिंह (4) माधोसिंह (1)

30. राजस्थान में प्रथम सूती वस्त्र मिल की स्थापना की गई-
(1) भीलवाड़ा (2) लाखेरी
(3) ब्यावर (4) बाड़मेर (3)

31. कौनसा क्रांतिकारी राजस्थान का निवासी नहीं था-
(1) केसरी सिंह बारहट (2) गोपाल सिंह खरवा
(3) विजय सिंह पथिक (4) अर्जुन लाल सेठी(3)

32. किस दुर्ग को सोनार-दुर्ग कहा गया है-
(1) रणथम्भौर (2) जैसलमेर
(3) चित्तौड़गढ़ (4) मेहरानगढ़ (2)

33. राजस्थान में 1857 का विप्लव सर्वप्रथम कहाँ से प्रारम्भ हुआ-
(1) आउवा (2) टोंक
(3) एरिनपुरा (4) नसीराबाद (4)

34. लूणी नदी का उद्गम होता है-
(1) उदयपुर जिले की दक्षिणी-पश्चिमी अरावली पहाड़ियों से
(2) अजमेर के नागपहाड़ की पहाड़ियों से
(3) कालका के समीप हिमालय की शिवालिक पहाड़ियों से
(4) जयपुर जिले की सेवर की पहाड़ियों से (2)

35. मेवाती बोली किस क्षेत्र में बोली जाती है-
(1) सीकर-झुँझुनूँ (2) अलवर, भरतपुर-धौलपुर
(3) दौसा-जयपुर (4) दौसा-अलवर (2)

36. गोरबन्द से किस पशु का शृंगार किया जाता है-
(1) बकरी (2) ऊँट (3) घोड़ा (4) बैल (2)

37. भैंस की नस्ल कौनसी है-
(1) मुर्राह (2) मालपुरी
(3) राठी (4) मालाणी (1)

RP RESULT

38. पर्यटकों का मुख्य आकर्षण 'जगमंदिर राजप्रसाद' कहाँ स्थित है?
(1) जयपुर (2) करौली
(3) उदयपुर (4) झुँझुनूँ (3)

39. 'वाताँ री फुलवारी' के लेखक थे-
(1) कन्हैयालाल सेठिया (2) जानकवि
(3) विजयदान देथा (4) भावभट्ट (3)

40. राजस्थान की प्रथम महिला मांड गायिका कौन थी जिसे पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया-
(1) अल्लाह जिलाई बाई (2) माँगी बाई
(3) गवरी बाई (4) बन्नो बेगम (1)

41. प्रसिद्ध 'बादला' (वाटर बोटल) राजस्थान के किस शहर से संबंधित है-
(1) नागौर (2) गंगानगर
(3) जोधपुर (4) सीकर (3)

42. लोहागढ़ दुर्ग कहाँ स्थित है-
(1) सवाईमाधोपुर (2) धौलपुर
(3) भरतपुर (4) अलवर (3)

43. स्त्रियों द्वारा किया जाने वाला तेरहताली नृत्य किस जाति द्वारा किया जाता है?
(1) भील (2) जोगी (3) कामड़ (4) चारण (3)

44. 'पृथ्वीराज रासो' का रचयिता कौन था?
(1) नयनचन्द्र सूरी (2) मुहणोत नैणसी
(3) महाकवि माघ (4) चन्दबरदाई (4)

45. लहरिया (ओरणा) स्त्रियों द्वारा किस मास में ओढ़ा जाता है-
(1) माघ (2) फाल्गुण (3) श्रावण (4) कार्तिक (3)

46. राजस्थान का कौनसा शहर 'घंटियों के शहर' के रूप में जाना जाता है-
(1) झालरापाटन (2) मण्डोर
(3) केशोरायपाटन (4) डीग (1)

47. कौनसी जाति पाबूजी की अनुयायी है-
(1) थोरी (2) गुर्जर (3) चारण (4) जाट (1)

48. राजस्थान में हड़प्पा सभ्यता का प्रसिद्ध स्थल कालीबंगा किस जिले में स्थित है-
(1) गंगानगर (2) हनुमानगढ़
(3) बीकानेर (4) चूरू (2)

49. विराटनगर किस जनपद की राजधानी थी-
(1) मत्स्य (2) शिवी
(3) कुरु (4) उक्त कोई नहीं (1)

50. मालदेव और शेरशाह के मध्य युद्ध किस स्थल पर लड़ा गया-
(1) सुमेल (2) लोहावट
(3) खानवा (4) ओसियां (1)

## उत्तरमाला

1. (3) BDH, CFL एवं DHP में कोई स्वर नहीं है जबकि EJV में e स्वर है।
2. (1) 064 एक पूर्ण वर्ग संख्या है जबकि शेष तीनों पूर्ण वर्ग संख्याएँ नहीं हैं।
3. (3) मील, सेंटीमीटर एवं गज लम्बाई (या दूरी) मापने के मात्रक हैं, जबकि लीटर आयतन का मात्रक है।
4. (2) 36, 84, एवं 108 तीनों सम (even) व भाज्य संख्याएँ हैं जबकि 61 एक विषम (odd) व अभाज्य संख्या (Prime number) है।
5. (2) मार्च, अगस्त एवं दिसम्बर माह में 31 दिन होते हैं जबकि अप्रैल में केवल 30 दिन होते हैं।
6. (3) जिस प्रकार ऑक्सीजन गैस अग्नि के जलने में सहायक होती है उसी प्रकार कार्बनडाइऑक्साइड गैस अग्नि को बुझाने में सहायक होती है।
7. (2) 08 : 28 : : 15 : 65

$3^2-1 : 3^3+1 :: 4^2-1 : 4^3+1$

8. (1) आलू एक सब्जी है तथा ये सभी खाद्य सामग्रियाँ हैं। अत:




9. (4) 10911 509 2012328 509 5 3 509 4 8 1 4 7 1 6 7 5 509 6 1 5
अत: ऐसे 0 चार बार हैं।

10. (3) L → 1, H → 2
O → 3, A → 4
V → 5, T → 6
E → 7, E → 7


RP RESULT

अत: 6 → T
4 → A
1 → L
7 → E
अत:, 6417 → TALE

11.(4) प्रश्न में दिये गये समूह में

10 12 15 (+2, +3) अत:, 68 70 73 (+2, +3)


12. (4)




(i) चित्र से स्पष्ट है कि कुछ बसें ट्रक हैं एवं कुछ ट्रक नहीं हैं। अत: निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(ii) चित्र से स्पष्ट है कि कुछ ट्रक कारें भी हैं। अत: निष्कर्ष II भी अनुसरण करता है।

13. (1)





चूँकि कोई पत्ती जड़ नहीं है। अत: वह जड़ वाले गोले से अलग होगी।

(i) चित्र से स्पष्ट है कि कोई पत्ती जब जड़ नहीं है तो वह पौधा भी नहीं होगी। अत: निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

(ii) चित्र से स्पष्ट है कि कोई भी पौधा पत्ती नहीं है। अत: निष्कर्ष II अनुसरण नहीं करता है।

14. (2)





चित्र-1 चित्र-2

(i) निष्कर्ष I चित्र-2 के अनुसार तो अनुसरण करता है परंतु चित्र-1 के अनुसार अनुसरण नहीं करता हैं। अत: निष्कर्ष I अनुसरण नहीं करता है।

(ii) दोनों चित्रों से स्पष्ट है कि कुछ शीर्षक युनिट नहीं है। अत: कथन II अनुसरण करता है।

उत्तर (2) केवल कथन II अनुसरण करता है।

15. (3)




चित्र-1 चित्र-2


(i) निष्कर्ष I चित्र-2 के अनुसार सत्य है परन्तु चित्र-1 के अनुसार यह सत्य नहीं है। अत: निष्कर्ष I अनुसरण नहीं करता है।

(ii) निष्कर्ष II दोनों चित्रों के अनुसार असत्य है। अत: निष्कर्ष II भी अनुसरण नहीं करता है।

16. (2)




चित्र-1





चित्र-2

(i) निष्कर्ष I चित्र-2 के अनुसार तो सत्य है परंतु चित्र-1 के अनुसार सत्य नहीं है। अत: निष्कर्ष I अनुसरण नहीं करता है।

(ii) निष्कर्ष II दोनों चित्रों के अनुसार सही है। अत: निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

17. (4)




अत: उत्तर 984

18. (4) PAMPER में एक अक्षर M है जो कि मूल शब्द PREPARATION में नहीं है। अत: PAMPER नहीं बनेगा। REPEAT में E दो बार आता है जबकि मूल शब्द में E केवल एक ही है। इसी प्रकार PARTITION में T एवं I दो-दो बार आये हैं जबकि मूल शब्द में ये केवल एक-एक ही हैं। PARROT के सभी अक्षर मूल शब्द में है। अत: PARROT बनता है।

RP RESULT


19.(1) केतन > प्रकाश > पिनाकिन,
केतन < रोहन < प्रणव
⇒ प्रणव > रोहन > केतन > प्रकाश > पिनाकिन
अतः सबसे नीचा पिनाकिन कूदता है।

20.(3) दायें छोर से सारिका का स्थान = 19
बायें छोर से सारिका का स्थान = 19
कुल लड़कियाँ = 19+19−1 = 37

21.(1) चारों शब्दों का पहला अक्षर s समान है। अतः शब्दकोश के अनुसार दूसरा अक्षर देखेंगे जो कि u तथा h है। इनमें h पहले आता है। अतः सबसे पहले आने वाला शब्द होगा shuffle इसके बाद तीसरा अक्षर लेंगे जो कि c, b, b हैं। इनमें b पहले आता है लेकिन दोनों शब्दों subtle एवं subway में b है। अतः चौथा अक्षर देखेंगे जो कि t एवं w है। इसमें t पहले आता है। अतः t वाला शब्द subtle पहले आयेगा व subway बाद में। शेष बचा शब्द succeed सबसे अंत में आयेगा। अतः शब्दों का सही क्रम shuffle, subtle, subway, succeed होगा।


22. (2) कबूतर सबसे बीच में है।
गोरैया → तोता → कबूतर → कौआ → सारस

23.(2)





लुप्त संख्या 9 होगी।

24.(4) 6524 − 59 = 6465
अतः 9638 − 59 = 9579 या





इसी प्रकार,




25.(4) जिस प्रकार रात्रि के बाद प्रातः काल आता है उसी प्रकार सायंकाल के बाद रात्रि आती है।


26.(1) जिस प्रकार घोड़े के खुर होते हैं उसी प्रकार मनुष्य के पैर होते हैं।

27. (1)





दी गई अंक शृंखला में 44 के बाद 47 आना चाहिए जबकि 48 दिया हुआ है। अतः 48 गलत संख्या है। उसके स्थान पर सही संख्या 47 होनी चाहिए।

28. (2)




प्रदत्त शृंखला में ? चिह्न के स्थान पर 33 आयेगा। शृंखला के पद में क्रमशः 5, 7, 9, 11, 13 जोड़ने पर अगले पद प्राप्त होते हैं।

29. (3)




∵ C, A की माता है परंतु A उसकी पुत्री नहीं है। अतः वह (A), C का पुत्र होगा। अतः C एवं A में माता एवं पुत्र का संबंध है।


30. (4)

P R O H I B I T I O N
| | | | | | | | | | |
6 8 0 3 2 1 2 4 2 0 5

I N H I B I T I O N
अतः | | | | | | | | | |
2 5 3 2 1 2 4 2 0 5


अतः INHIBITION का कोड 2532124205 होगा।

31. (2)




अतः वह लड़की उस आदमी की पुत्री है।


32. (3) गोरैया पक्षी वर्ग में आती है जबकि बिल्ली एक जानवर है। अतः इनके सम्बन्ध को दर्शाने वाला सही चित्र निम्न होगा।




RP RESULT

33. (3)
(i) पहले एवं दूसरे पासे पर अंक 2 एवं 6 एक समान हैं तथा 3 एवं 4 अलग हैं। जब दो अंक एक समान हों तो तीसरा अंक 3 या 4 एक दूसरे के विपरीत फलक पर होंगे।
(ii) दूसरे एवं तीसरे पासे पर 6 एवं 4 एक समान हैं परंतु 2 एवं 5 अलग हैं। अत: 2 एवं 5 एक दूसरे के विपरीत फलक पर हैं।
(iii) पासे पर शेष रहा अंक 1 पासे के 6 अंक के विपरीत (पीछे के) फलक पर होगा।

34. (3) चित्र में 15 त्रिभुज निम्न प्रकार हैं-




ABC, ABD, ACD, ABE, ACE, ACF, BDF, BDE, BEF, BCE, BCF, CDF, CDE, ABF, CEF. कुल 15 त्रिभुज हैं।

35. (1)

EXAMINATION

AMINATION EX

अत: इसी प्रकार

EXTRAPOLATION

TRAPOLATION EX

व्याख्या- शब्द के पहले दो अक्षरों को हटाकर कोड में अंत में लिखा गया है।

36. (1) $36-6+3\times5\div7=74$
प्रश्नानुसार चिह्न रखने पर,
$36\times6\div3+5-3=74$
हल करने पर (BODMAS नियम के अनुसार)
$36\times2+2=74$, $72+2=74$

37. (1) गायक को आयत से बताया गया है तथा खिलाड़ी को वृत्त से बताया गया है। अत: गायक जो खिलाड़ी हैं को ज्ञात करने हेतु वृत्त व आयत का कॉमन भाग ज्ञात करेंगे, जो अंक 4 एवं 17 से दर्शाया गया है। अत: गायक जो खिलाड़ी हैं की संख्या = 17+4 = 21

38. (2) विभिन्न संख्याएँ निम्न प्रकार हैं-
$5\times2+2=12$, $12\times2+2=26$
$26\times2+2=54$, $54\times2+2=110$
अत: $110\times2+2=222$ उत्तर

39. (4) $M\rightarrow8$, $E\rightarrow4$, $M\rightarrow8$, $O\rightarrow7$, $R\rightarrow2$, $Y\rightarrow9$
अत:, ROME =
R = 2
O = 7
M = 8
E = 4
ROME = 2784


40. (4) $4\rightarrow Z$, $2\rightarrow Q$, $9\rightarrow M$
$7\rightarrow D$, $5\rightarrow E$ एवं $3\rightarrow J$
अत: $429753\rightarrow ZQMDEJ$

41. (1) M D R P Q G K [P Q S] L A [S Q P] T G

K P Q G M D Q [P Q S Q P] T U

अत: ऐसे Q चार हैं जिनके एक ओर P व एक ओर S है।

42. (1)




चित्रानुसार रमेश अंत (D) में अपने प्रारंभिक स्थान (A) से 6 किमी. दूर उत्तर में है।

43. (2) प्रश्नानुसार,
$17=4\times4+1$, $37=6\times6+1$
$5=2\times2+1$ अत: $5\times5+1=26$


44. (2) धूप से जल वाष्प बनती है जिससे बादल बनते हैं तथा उनसे वर्षा होती है। अत: सार्थक क्रम → धूप → वाष्प → बादल → वर्षा

45. (2) I $10\times8+5=85$
II $7\times7+5=54$
अत: III में $8\times9+5=77$ होगा।

46. (1) I $12\times3\times8=288$, II $13\times5\times8=520$
अत: III में $16\times6\times x=384$
या $x=\frac{384}{16\times6}=4$
अत: ? के स्थान पर 4 आयेगा।


RP RESULT

47. (3)




अत: अंत में मैं प्रारंभिक स्थान से उत्तर में 10 मीटर दूर हूँ।

48. (2) दिन मिलकर महीना होता है तथा 12 माह मिलकर वर्ष होता है।




49. (1) a _ a _ abab _ ba _ शृंखला में कुल 12 अक्षर होंगे। 2-2 के जोड़े में निम्न प्रकार होंगे।


ab, ab ab, ab, ab, ab

अत: रिक्त स्थान पर अक्षर आयेंगे।

b b a b

50. (3)

अत:,




## भाग-स ( शिक्षण अभिक्षमता )

| प्रश्न | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 3 | 0 | 2 | 1 |
| 2. | 1 | 3 | 0 | 2 |
| 3. | 1 | 2 | 3 | 0 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 0 |
| 5. | 2 | 3 | 1 | 0 |
| 6. | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 7. | 1 | 2 | 3 | 0 |
| 8. | 3 | 1 | 2 | 0 |
| 9. | 0 | 2 | 3 | 1 |
| 10. | 1 | 3 | 2 | 0 |
| 11. | 3 | 2 | 1 | 0 |
| 12. | 2 | 0 | 3 | 1 |
| 13. | 0 | 1 | 3 | 2 |
| 14. | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 15. | 2 | 1 | 0 | 3 |
| 16. | 2 | 3 | 1 | 0 |
| 17. | 1 | 0 | 3 | 2 |
| 18. | 3 | 2 | 0 | 1 |
| 19. | 1 | 2 | 3 | 0 |
| 20. | 2 | 3 | 1 | 0 |
| 21. | 1 | 3 | 0 | 2 |
| 22. | 1 | 3 | 0 | 2 |
| 23. | 0 | 1 | 3 | 2 |
| 24. | 2 | 3 | 1 | 0 |
| 25. | 2 | 3 | 0 | 1 |

| प्रश्न | (1) | (2) | (3) | (4) |
|---|---|---|---|---|
| 26. | 2 | 1 | 3 | 0 |
| 27. | 1 | 0 | 3 | 2 |
| 28. | 0 | 1 | 3 | 2 |
| 29. | 1 | 2 | 3 | 0 |
| 30. | 3 | 1 | 0 | 2 |
| 31. | 1 | 3 | 1 | 0 |
| 32. | 0 | 1 | 3 | 2 |
| 33. | 3 | 2 | 1 | 0 |
| 34. | 1 | 2 | 3 | 0 |
| 35. | 2 | 1 | 0 | 3 |
| 36. | 0 | 1 | 3 | 2 |
| 37. | 2 | 1 | 3 | 0 |
| 38. | 0 | 3 | 2 | 1 |
| 39. | 0 | 1 | 3 | 2 |
| 40. | 0 | 2 | 1 | 3 |
| 41. | 3 | 2 | 1 | 0 |
| 42. | 0 | 3 | 1 | 2 |
| 43. | 0 | 1 | 2 | 3 |
| 44. | 3 | 0 | 2 | 1 |
| 45. | 2 | 1 | 0 | 3 |
| 46. | 3 | 1 | 2 | 0 |
| 47. | 3 | 2 | 1 | 0 |
| 48. | 2 | 0 | 1 | 3 |
| 49. | 2 | 0 | 1 | 3 |
| 50. | 3 | 2 | 1 | 0 |

ज्ञान अनन्त ™

RP RESULT